**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 23-08-2022**

**उधम सिंह नगर(उत्तराखंड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-08-23 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2022-08-24 | 2022-08-25 | 2022-08-26 | 2022-08-27 | 2022-08-28 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 0.0 | 2.0 | 0.0 | 0.0 | 2.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 35.0 | 35.0 | 36.0 | 36.0 | 36.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 27.0 | 27.0 | 27.0 | 28.0 | 28.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 70 | 70 | 70 | 85 | 85 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 50 | 55 | 50 | 50 | 50 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 12.0 | 6.0 | 6.0 | 10.0 | 8.0 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 120 | 140 | 230 | 230 | 140 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 5 | 8 | 8 | 3 | 7 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (16 - 22 अगस्त , 2022) में 30.8 मिमी वर्षा हुई व आसमान में मध्यम से घने बादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 32.5 से 35.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 23.4 से 26.9 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 77 से 95 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 59 से 75 प्रतिशत एवं हवा 0.4 से 7.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व, पूर्व-दक्षिण-पूर्व, पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम व पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली|आगामी पांच दिनों में, 24 व 27 अगस्त को बूंदा-बांदी हो सकती है तथा आमतौर पर मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 35.0 से 36.0 व 27.0 से 28.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-12.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-पूर्व व दक्षिण-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 28 अगस्त से 3 सितम्बर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम तथा अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

## सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| किसान भाई नये बाग लगाने का कार्य करें।

## लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 24 व 27 अगस्त को बूंदा-बांदी हो सकती है तथा आमतौर पर मौसम साफ रहेगा।

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| चावल | धान में कहीं-कहीं पर बैक्टीरिया जनित झुलसा रोग का प्रकोप देखा जा रहा है। जिन खेतों में पंक्तियों के अगले भाग सूखकर सफेद हो गये हों या पंक्तियो के दोनों किनारे ऊपर से नीचे की ओर सूखते हुये सफेद हो रहे हों वहाँ खेतों में कॉपर ओक्सीक्लोराइड 500ग्राम तथा स्टेपटोसाइक्लिन 15ग्राम, 1000 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिकाव करें। छिड़काव करने के पूर्व खेत से पानी निकाल दें तथा यूरिया का प्रयोग न करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। |
| चावल | धान की फसल में रोपाई के 45-50 दिन बाद, तना बेधक का प्रकोप होने पर, क्लोरान्ट्रानिलिप्रोले 20 एस सी 150 मिली/है0 या फ्लूबेंडियामाइड 480 एससी 75 मिली/है0 या फिप्रोनील 5 एससी 1.0 लीटर या कॉरटाप हाइड्रोक्लोराइड 50 डब्लू पी 600ग्राम या क्लोरपाइरीफॉस 20 ईसी 2.5 लीटर 500-600 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टर की दर से छिडत्रकाव करें। |
| मक्का | मक्का की फसल मे पत्ती झुलसा रोग के नियंत्रण हेतु मैनकोजेब 2.5 ग्राम/लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। |
| गन्ना | गन्ने की फसल में, सफेद मक्की के लिए थियामेथोक्ज़ाम 25 डब्लू जी का 125 ग्राम/है या व्हाइट ग्रब या कुरमुला कीट की रोकथाम हेतु फिप्रोनिल 40 प्रतिशत तथा इमिडाक्लोप्रिड 40 प्रतिशत डब्लू जी का 500 ग्राम/है0 की दर से खेत में प्रयोग करें। |
| निम्बू/ संतरा | सिट्रस कैंकर रोग के नियंत्रण के लिए पेड़ों पर कॉपर ओक्सीक्लोराइड 180 ग्राम और स्ट्रेप्टोसाइक्लीन 6ग्राम, 60 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| बैंगन | बैंगन की फसल में सफेद मक्खी का प्रकोप होने पर, सुमीप्रेम्प्ट (पाइरीप्रोक्सीफेन 5% + फेनप्रोपेथ्रिन 15% ईसी) @ 500-750 मिली/हेक्टेयर 500-750 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। इसकी परीक्षा अवधि 7 दिन है। |
| कद्दू | कद्दु वर्गीय फसलों की पत्तियो पर पीले-भूरे धब्बे दिखाई पड़ने मेन्कोजेब 2.5 ग्रा0/ली0 की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। |
| पालक | अगेती पालक के लिए खेत तैयार कर इस माह के अंत तक बुवाई करें। पालक की बुवाई 25-30 से0मी0 की दूरी पर कतारों में करें जिसमें बीज दर 25-30 कि0ग्रा0 बीज प्रति हैक्टेयर रखें। |
| आम | इस माह आम में जाला बनाने वाला टेन्ट कैटरपिलर कीट का भी प्रकोप होता है इसलिए जाला छुड़ाने वाले यंत्र से जाले को साफ करे। एवं प्रभावित प्ररोहो को काटकर कीड़ो सहित जला दे। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भेंस | पशुओं को गलघोटू रोग से बचाने के लिए जानवरों को साफ-सुथरे स्थान पर बांधे तथा आस-पास बरसात का पानी इकट्ठा ना होने दें। गलघोटू रोग के लक्षण दिखने पर पीड़ित पशु की नस में सफोनामाइडस जैसे सल्फामेथाजाइन या सल्फरडाईमिडेन 150 मिग्रा/किग्रा के हिसाब से तीन दिन तक पशुचिकित्सक की सलाह से दें। पशु को ब्याने के बाद अच्छी तरह से साफ-सफाई करके निकटतम पशु चिकित्सक की सलाह से यूटरोटोन/हरीरा/गाइनोटोन नामक दवा में से किसी एक दवा की 200 मिली मात्रा सुबह शाम तीन दिनों तक गर्भाशय की सफाई हेतु देनी चाहिए। |
| गाय | पशु को ब्याने के बाद अच्छी तरह से साफ-सफाई करके निकटतम पशु चिकित्सक की सलाह से यूटरोटोन/हरीरा/गाइनोटोन नामक दवा में से किसी एक दवा की 200 मिली मात्रा सुबह शाम तीन दिनों तक गर्भाशय की सफाई हेतु देनी चाहिए। |